# Daily Current Affairs

Date : 11 December, 2025

UTKARSH CLASSES | CIVIL SERVICES

## अनुक्रमणिका

| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | प्रथम प्रवासी राजस्थानी दिवस (10 दिसंबर, 2025) |
| 2. | राजस्थान पर्यटन नीति-2025 |
| 3. | ट्रांजिट-ओरिएंटेड डवलपमेंट (TOD) नीति |
| 4. | डिज़ाइन इनोवेशन अवार्ड – 2023 |
| 5. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. RPA देश की सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण संस्थान<br>2. गागरोन दुर्ग में चित्रकारी बनाने का विश्व रिकॉर्ड<br>3. 7वीं जूनियर राज्य स्तरीय बॉल प्रतियोगिता |
| 6. | दीपावली : यूनेस्को अमूर्त सांस्कृतिक विरासत |
| 7. | आपका पैसा, आपका अधिकार आंदोलन |
| 8. | पीली रेखा |
| 9. | वन्यजीवों और वनस्पतियों की संकटापन्न प्रजातियों के अंतरराष्ट्रीय व्यापार पर कन्वेंशन |
| 10. | संसद प्रश्न: गहन महासागर मिशन |
| 11. | भारत 6जी एलायंस (B6GA) |
| 12. | सुजलाम भारत ऐप |
| 13. | सी. राजगोपालाचारी |
| 14. | जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप, 2025 |
| 15. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. दिल्ली मेट्रो अभियान<br>2. अमेजॉन का भारत में निवेश<br>3. एरीना<br>4. ग्लोबल एनवायर्नमेंट आउटलुक |



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान परिदृश्य

## प्रथम प्रवासी राजस्थानी दिवस (10 दिसंबर, 2025)

### चर्चा में क्यों?

- राजस्थान की सामाजिक-आर्थिक प्रगति और सांस्कृतिक विरासत को विश्व स्तर पर बढ़ावा देने में प्रवासी राजस्थानियों के योगदान को सम्मानित करने के उद्देश्य से 10 दिसंबर, 2025 को 'प्रथम प्रवासी राजस्थानी दिवस' का आयोजन किया गया।

### मुख्य बिन्दु:

- **आयोजन स्थल :** जयपुर एक्जिबिशन & कन्वेंशन सेंटर (JECC), सीतापुरा, जयपुर।
- ज्ञातव्य है कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने 'राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट - 2024' के दौरान प्रति वर्ष 10 दिसंबर को 'प्रवासी राजस्थानी दिवस' के रूप में मनाने की घोषणा की थी।
- कार्यक्रम के दौरान "कमिटमेंट इन एक्शन" कॉफी टेबल बुक के दूसरे संस्करण का विमोचन किया गया।

### प्रवासी राजस्थानी सम्मान:

- प्रवासी राजस्थानी दिवस (PRD) कार्यक्रम के दौरान राजस्थान सरकार द्वारा विज्ञान, व्यवसाय, कला, खेल, साहित्य, सिनेमा, संगीत, समाज सेवा आदि जैसे विभिन्न क्षेत्रों में राज्य को गौरवान्वित करने वाले 9 प्रवासी राजस्थानियों को 'प्रवासी राजस्थानी सम्मान' से सम्मानित किया गया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| क्रम संख्या | व्यक्तित्व/संस्थान |
|---|---|
| 1. | नरसी राम धुला राम कुलरिया |
| 2. | पूनम चंद राठी |
| 3. | अनिल अग्रवाल |
| 4. | अजय पिरामल |
| 5. | सी एम मुँदड़ा मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट |
| 6.. | विनीत मित्तल |
| 7. | कुमार मंगलम बिरला |
| 8. | माधव सिंघानिया |
| 9. | प्रदीप राठौड़ |

## कार्यक्रम के दौरान लॉन्च की गई प्रमुख नीतियाँ, पोर्टल और MoU

### NRR पॉलिसी-2025 और राजस्थान डवलपमेंट सपोर्ट पोर्टल :

- नॉन-रेजिडेंट राजस्थानी पॉलिसी ऑफ राजस्थान-2025 का मुख्य उद्देश्य प्रवासी राजस्थानियों का राज्य के साथ सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक जुड़ाव मजबूत करना है।
- इस नीति के माध्यम से राज्य सरकार निवेश, व्यापार, ज्ञान के आदान-प्रदान, शोध और सामाजिक सरोकारों में अनिवासी राजस्थानियों के योगदान को बढ़ावा देने के लिए अनुकूल माहौल तैयार करेगी। साथ ही, NRR इन्वेस्टमेंट फेसिलिटेशन सेल की स्थापना की जाएगी।

### राजस्थान डेवलपमेंट सपोर्ट पोर्टल :

- इस डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से विश्व के विभिन्न देशों में रहने वाले प्रवासी राजस्थानियों को राज्य के विकास कार्यों से सीधे जुड़ने का सशक्त माध्यम उपलब्ध हो सकेगा।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### राजस्थान फाउंडेशन के 14 नए चैप्टर:

- राज्य सरकार द्वारा प्रदेश और प्रवासी समुदाय के जुड़ाव को मजबूत करने के उद्देश्य से 'राजस्थान फाउंडेशन' के 14 नए चैप्टर स्थापित करने की घोषणा की गई। इनमें से 9 विदेशों में और 5 देश के विभिन्न राज्यों में स्थापित किए जाएंगे।

### खनन विभाग का IIT धनबाद तथा IIT हैदराबाद के साथ MoU:

- प्रवासी राजस्थानी दिवस पर माइनिंग विषय पर आयोजित सेक्टोरल सेशन के दौरान खनन विभाग तथा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT), धनबाद के मध्य समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए गए। इसके तहत IIT, धनबाद के सहयोग से प्रदेश के विभन्न स्थानों पर 'क्रिटिकल मिनरल तथा रेयर अर्थ एलिमेंट्स' की उपलब्धता की संभावनाओं पर अध्ययन किया जाएगा।
- इसके अलावा खनन विभाग और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT), हैदराबाद के मध्य भी एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए गए। इस MoU के माध्यम से प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में क्रिटिकल तथा स्ट्रेटेजिक मिनरल्स के समुचित एवं त्वरित खनन में तेजी आएगी।

### देश का सबसे बड़ा फर्टिलाइजर प्लांट:

- वेदांता ग्रुप के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल द्वारा राजस्थान में देश का सबसे बड़ा फर्टिलाइजर प्लांट लगाए जाने की घोषणा की गई।

### 'प्रगति पथ' प्रदर्शनी का उद्घाटन:


- कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल हरिभाऊ बागडे द्वारा JECC में 'प्रगति पथ' प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया। यह प्रदर्शनी राजस्थान के बदलते औद्योगिक परिदृश्य, जल सुरक्षा एवं सततता, एक जिला-एक उत्पाद, स्वस्थ राजस्थान-खुशहाल राजस्थान, शिक्षित भारत-डिजिटल भारत, राजस्थान रिफाइनरी, खनन क्षेत्र, इन्फ्रा एवं कनेक्टिविटी तथा हमारी विरासत-हमारी पहचान की थीम पर आधारित थी।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान पर्यटन नीति–2025

## चर्चा में क्यों?

- प्रवासी राजस्थानी दिवस कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राज्य की महत्त्वाकांक्षी 'राजस्थान पर्यटन नीति–2025' औपचारिक रूप से जारी की।



## मुख्य बिन्दु:

- **नीति का अनुमोदन :** राजस्थान मंत्रिमण्डल द्वारा 03 दिसंबर, 2025 को।
- **जारी :** मुख्यमंत्री द्वारा 10 दिसंबर, 2025 को।

**नीति के मुख्य प्रावधान :**

- चयनित जिलों में स्पेशल टूरिज्म जोन (STZ) प्लग-एंड-प्ले मॉडल पर स्थापित किए जाएंगे, जहाँ आधारभूत संरचना सरकार और आतिथ्य सेवाएँ निजी क्षेत्र द्वारा विकसित की जाएंगी।
- प्रत्येक ज़िले में ज़िला कलक्टर की अध्यक्षता में जिला पर्यटन विकास समिति (DTDC) द्वारा पर्यटन स्थलों के संचालन और प्रबंधन के लिए डेस्टिनेशन मैनेजमेंट ऑर्गेनाइजेशन (DMO) के रूप में भी कार्य किया जाएगा।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- राज्य में पर्यटन का दायरा व्यापक करने के लिए एस्ट्रो टूरिज्म, फूड फेस्टिवल, एडवेंचर स्पोर्ट्स, ईको-टूरिज्म, बर्ड-वॉचिंग सर्किट, शौर्य पर्यटन सर्किट जैसे नए क्षेत्रों को बढ़ावा दिया जाएगा।
- विरासत संरक्षण के लिए मैन्युस्क्रिप्ट, जनजातीय संस्कृति, वस्त्र और पारंपरिक शिल्प पर आधारित क्राफ्ट म्यूज़ियम की स्थापना की जाएगी। साथ ही, योग, आयुर्वेद और नेचुरोपैथी पर आधारित वेलनेस टूरिज्म हब विकसित किए जाएंगे।
- विद्यार्थियों को पर्यटन कोर्स व कौशल कार्यक्रमों के लिए स्कॉलरशिप तथा पर्यटन उद्यमों को ट्रेनिंग-स्किल इंसेंटिव उपलब्ध कराया जाएगा।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:**

- राजस्थान पर्यटन नीति में उल्लिखित प्रावधानों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु एक समर्पित नीति कार्यान्वयन इकाई स्थापित की जाएगी।
- पर्यटन विभाग द्वारा पर्यटन व्यवसायियों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रति वर्ष 'राजस्थान पर्यटन पुरस्कार' प्रदान किए जाएंगे।

**फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:**

**पर्यटन संबंधी राज्य सरकार की अन्य महत्त्वपूर्ण नीतियाँ:**

- राजस्थान पर्यटन इकाई नीति (RTUP) – 2024
- राजस्थान इकोटूरिज्म पॉलिसी – 2021
- राजस्थान फिल्म पर्यटन संवर्धन नीति - 2022
- राजस्थान ग्रामीण पर्यटन योजना – 2022


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# ट्रांजिट-ओरिएंटेड डवलपमेंट (TOD) नीति

## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, राजस्थान मंत्रिमंडल द्वारा 'ट्रांजिट-ओरिएंटेड डवलपमेंट (TOD) नीति' का अनुमोदन किया गया।




## मुख्य बिन्दु:

- प्रारम्भिक चरण में 'नगरीय विकास एवं आवासन विभाग' द्वारा जयपुर में इस नीति के प्रावधान लागू किए जाएंगे।
- राज्य के प्रमुख शहरों में बढ़ रहे प्रदूषण, कंजेशन और अव्यवस्थित विस्तार को देखते हुए इस नीति को लागू किया जा रहा है।
- TOD एक आधुनिक शहरी विकास मॉडल है, जिसका उद्देश्य सार्वजनिक परिवहन स्टेशनों के आसपास कॉम्पैक्ट, मिश्रित-उपयोग एवं उच्च घनत्व वाले क्षेत्रों का विकास करना है। यह पैदल एवं गैर-मोटर चालित परिवहन (NMT) को प्रोत्साहित कर शहरों को अधिक सुगम, पर्यावरण-अनुकूल और रहने योग्य बनाता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- यह नीति न केवल सुगम एवं स्मार्ट गतिशीलता को बढ़ावा देगा, बल्कि शहरों की आर्थिक क्षमता और रहने की गुणवत्ता को भी नई दिशा प्रदान करेगी।

**फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:**

- भारत में आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय (MoHUA) ने TOD-आधारित शहरी विकास को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 2017 में एक राष्ट्रीय TOD नीति लॉन्च की थी।
- वर्तमान में दिल्ली, अहमदाबाद, पुणे और मुंबई आदि शहर इस नीति को एकीकृत कर रहे हैं।

UTKARSH CIVIL SERVICES



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# डिज़ाइन इनोवेशन अवार्ड – 2023

## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा जयपुर रग्स की कारीगर धापा देवी और डिज़ाइन डायरेक्टर कविता चौधरी को 'राष्ट्रीय हस्तशिल्प पुरस्कार' समारोह में संयुक्त रूप से 'डिज़ाइन इनोवेशन अवार्ड - 2023' से सम्मानित किया गया।




## मुख्य बिन्दु:

- **आयोजन :** 09 दिसंबर, 2025 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में।
- भारत की समृद्ध शिल्प विरासत और डिज़ाइन को बढ़ावा देने वाले कारीगरों को प्रदान किया जाने वाला यह सम्मान केन्द्रीय वस्त्र मंत्रालय के विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) द्वारा दिया जाता है।
- देश भर के 48 शिल्पकारों को वर्ष 2023 और 2024 के लिए शिल्प गुरु पुरस्कार और राष्ट्रीय हस्तशिल्प पुरस्कार प्रदान किए गए।
- कुल पुरस्कारों में 12 शिल्प गुरु पुरस्कार और 36 राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किए गए, जिनमें 2 डिज़ाइन और नवाचार पुरस्कार (कारीगर-डिज़ाइनर सहयोग) शामिल थे।
- **नोट :** प्रति वर्ष 8 से 14 दिसंबर तक 'राष्ट्रीय हस्तशिल्प सप्ताह' मनाया जाता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **RPA देश की सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण संस्थान**<br>■ भारत सरकार के उपक्रम क्षमता विकास आयोग ने हाल ही में राजस्थान पुलिस अकादमी (RPA) जयपुर को उत्कृष्ट संस्थान का दर्जा प्रदान किया।<br>■ इसके साथ ही पूरे देश के पुलिस प्रशिक्षण संस्थानों में यह प्रतिष्ठित दर्जा प्राप्त करने वाली पहली अकादमी बन गई है। |
| 2. | **गागरोन दुर्ग में चित्रकारी बनाने का विश्व रिकॉर्ड**<br>■ 10 दिसंबर, 2025 को झालावाड़ में स्थित यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल गागरोन दुर्ग में 5100 विद्यार्थियों ने एक साथ चित्रकारी कर वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड में विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया।<br>■ गागरोन दुर्ग झालावाड़ के पंच गौरव में शामिल है। |
| 3. | **7वीं जूनियर राज्य स्तरीय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता**<br>■ **आयोजन :** 12 से 14 दिसंबर तक आदर्श स्टेडियम बाड़मेर।<br>■ **आयोजक :** राजस्थान बॉल बैडमिंटन संघ एवं बाड़मेर बॉल बैडमिंटन संघ।<br>■ प्रतियोगिता से चयनित खिलाड़ी भारतीय बॉल बैडमिंटन महासंघ की ओर से 28 जनवरी से 1 फरवरी, 2026 तक तमिलनाडु के इरोड में आयोजित होने वाली 70वीं जूनियर राष्ट्रीय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता 2025-26 में भाग लेंगे। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय परिदृश्य

## दीपावली : यूनेस्को अमूर्त सांस्कृतिक विरासत

### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, दीपावली को यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल किया गया।




### मुख्य बिन्दु:

- **औपचारिक घोषणा:** 8 से 13 दिसंबर, 2025 को नई दिल्ली स्थित लाल किले में आयोजित 20वें यूनेस्को अंतर-सरकारी समिति सत्र के दौरान।
- **नामांकित:** 2024-25 में भारत ने "दीपावली पर्व" को नामांकित किया था।
- यह भारत का सूचीबद्ध 16वाँ तत्त्व है।
- **चयन के कारण/दीपावली का महत्व :** आयोजन - कार्तिक अमावस्या

1. रामायण के अनुसार राम के अयोध्या आगमन व रावण पर जीत का प्रतीक।
2. 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर का पावापुरी में निर्वाण।
3. महाराष्ट्र में दीपावली राजा बलि की यात्रा का प्रतीक है जो न्याय और उदारता के प्रतीक है।
4. गोवर्धन/अन्नकूट महोत्सव


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### अन्य महत्वपूर्ण बिंदु

- **अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सुरक्षा के लिए अंतर-सरकारी समितिः** इनटैन्जिबल कल्चरल हैरिटेज की सुरक्षा के लिए UNESCO ने 17 अक्टूबर, 2003 को पेरिस में अपने 32वें जनरल कॉन्फ्रेंस के दौरान वर्ष 2003 कन्वेंशन में अपनाया।

### अन्य महत्त्वपूर्ण बिंदु

- **ICH सूची में भारत की सांस्कृतिक धरोहर:** 16 तत्त्व/विरासत

| क्र.सं. | अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर | सूचीबद्ध किए जाने का वर्ष |
|---|---|---|
| 1. | संस्कृत थिएटर कुटियाट्टम (केरल) | 2008 |
| 2. | वैदिक मंत्रोच्चार | 2008 |
| 3. | रामलीला | 2008 |
| 4. | रम्माण (उत्तराखण्ड) | 2009 |
| 5. | मुदियेट्टू (केरल) | 2010 |
| 6. | कालबेलिया नृत्य (राजस्थान) | 2010 |
| 7. | छाऊ (पूर्वी भारत) | 2010 |
| 8. | लद्दाख बौद्ध स्तूप | 2012 |
| 9. | मणिपुरी संकीर्तन | 2013 |
| 10. | जंडियाला गुरु की पीतल-ताँबा कारीगरी | 2014 |
| 11. | योग | 2016 |
| 12. | नवरोज़ (फारसी नववर्ष) | 2016 |
| 13. | कुंभ मेला | 2017 |
| 14. | कोलकाता दुर्गा पूजा | 2021 |
| 15. | गुजरात का गरबा | 2023 |
| 16. | दीपावली | 2025 |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# आपका पैसा, आपका अधिकार आंदोलन

## चर्चा में क्यों?

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नागरिकों से आपका पैसा, आपका अधिकार आंदोलन में भाग लेने का आग्रह किया।

## मुख्य बिन्दु:

**आंदोलन के संदर्भ में अतिरिक्त जानकारी:**

- **शुरुआत:** अक्टूबर, 2025
- **उद्देश्य:** सुनिश्चित करना कि नागरिक अपनी वैध सम्पत्तियों को वापस प्राप्त कर सके।
- इसका उद्देश्य लोगों को लावारिस जमा राशि, बीमा राशि, लाभांश और अन्य वित्तीय सम्पत्तियों को वापस पाने के मदद करना है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य

### पीली रेखा


**चर्चा में क्यों?**

- **इजराइल ने 2025 में अमेरिका की मध्यस्थता से हुए युद्ध विराम के दौरान सहमत हुई अस्थाई वापसी रेखा येलो लाइन को नई सीमा बताया है।**

**मुख्य बिन्दु:**

**पीली रेखा-**

- **येलो लाइन गाजा पट्टी के अन्दर एक अस्थाई सैन्य सीमांकन रेखा है।**
- **इस रेखा के पूर्व का क्षेत्र इजराइली परिचालन नियंत्रण में है।**






उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी

## वन्यजीवों और वनस्पतियों की संकटापन्न प्रजातियों के अंतरराष्ट्रीय व्यापार पर कन्वेंशन

### चर्चा में क्यों?

- CITES के पक्षकारों के सम्मेलन का 20वाँ संस्करण (COP-20) उज्बेकिस्तान के समरकंद में सम्पन्न हुआ।




### मुख्य बिन्दु:

- 77 प्रजातियों को CITES परिशिष्टों में शामिल किया गया।
- भारत ने गुग्गुल को परिशिष्ट-II में सूचीबद्ध करने के यूरोपिय संघ के प्रस्ताव का विरोध किया।

**CITES – अतिरिक्त जानकारी-**

- **लागू:** 1 जुलाई, 1975
- यह सरकारों के बीच एक स्वैच्छिक अंतरराष्ट्रीय समझौता है।
- यह सभी पक्षकारों के लिए कानूनी रूप से बाध्यकारी है लेकिन यह किसी देश के राष्ट्रीय कानूनों का स्थान नहीं लेता है।
- यह प्रजातियों को उनकी सुरक्षा के स्तर के आधार पर परिशिष्टों में सूचीबद्ध करता है।
- **पक्षकार:** 185 – भारत सहित


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# विज्ञान प्रौद्योगिकी

## संसद प्रश्न: गहन महासागर मिशन

### चर्चा में क्यों?

- भारत ने मध्य हिन्द महासागर बेसिन में अंतरराष्ट्रीय समुद्रीतल प्राधिकरण द्वारा आवंटित 75000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में अन्वेषण संबंधी गतिविधियाँ शुरू कर दी है।




### मुख्य बिन्दु:

- इस क्षेत्र में 12.5 किलोमीटर के अंतराल पर समान नमूने लिए गए है ताकि नोड्यूल्स की प्रचुरता और गुणवत्ता का अनुमान लगाया जा सके।
- आवंटित 75000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में मौजूदा कुल नोड्यूल्स का शुष्क भार के आधार पर अनुमान 360 मिलियन मीट्रिक टन लगाया गया है, जिनमें औसतन 0.14 प्रतिशत कोबाल्ट, 1.14 प्रतिशत निकेल, 1.09 प्रतिशत तांबा और 25.2 प्रतिशत मैंगनीज शामिल है।

**अन्य महत्वपूर्ण बिंदु:**

**गहन महासागर मिशन:**

- **मंत्रालय:** पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय।
- **उद्देश्य:** महासागर की गहराई का अन्वेषण और दोहन करना।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### प्रमुख स्तंभ

1. गहरे समुद्र में खनन और मानवयुक्त पनडुब्बियों की प्रगति।
2. जैव विविधता की खोज व संरक्षण।
3. महासागर से ऊर्जा और मीठे जल का संग्रहण
4. महासागरीय जीवविज्ञान हेतु उन्नत समुद्री केन्द्र की स्थापना।

### मिशन की प्रगतिः

1. **समुद्रयान परियोजना :** वर्ष 2021 में पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय द्वारा शुरू किया गया था।
2. **मत्स्य-6000:** टाइटेनियम धातु से निर्मित, 3 सदस्यों हेतु डिजाइन, 6000 बार दाब सहन करने के अनुरूप डिजाइन किया गया।
3. **वराह : भारत की गहरे समुद्र में खनन प्रणाली:** सूचना एवं ऊर्जा मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्त संस्थान, राष्ट्रीय महासागर प्रौद्योगिकी संस्थान ने मध्य हिंद महासागर में 5270 मीटर की गहराई पर 'वराह' नामक एक जलमग्न खनन प्रणाली का उपयोग करके गहरे समुद्र में सफल गति का परीक्षण किए है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# भारत 6जी एलायंस (B6GA)

## चर्चा में क्यों?

- केन्द्रीय संचार मंत्री ने भारत 6जी मिशन के अन्तर्गत गठित सर्वोच्च परिषद् की बैठक की अध्यक्षता की और भारत 6जी गठबंधन (B6GA) की प्रगति की समीक्षा की।

## मुख्य बिन्दु:

### B6GA

- यह एक सहयोगात्मक बहुहितधारक मंच है जो शैक्षणिक संस्थानों, घरेलू उद्योगों, अनुसंधान और विकास संस्थाओं को एक साथ लाता है।
- यह भारत 6जी रिजन के कार्यान्वयन अंग के रूप में कार्य करता है, जिसका अनावरण भारत ने मार्च, 2023 में किया था।
- **उद्देश्य:** 2030 तक देश को 6जी प्रौद्योगिकी में वैश्विक नेता के रूप में स्थापित करना है।
- **6जी तकनीक:** 6जी वायरलेस संचार प्रौद्योगिकी की अगली सीमा का प्रतिनिधित्व करता है जो मोबाइल नेटवर्क की छठी पीढ़ी के रूप में 5जी का स्थान लेगा।
- 6जी प्रतिसेकण्ड 1 टेराबिट की अधिकतम डेटा दर प्रदान करेगा, जो 5जी की तुलना में लगभग 100 गुना तेज है, जो 10 GBPS प्रदान करता है।
- 6जी 0.1 मिलीसेकण्ड की अल्ट्रा-लो लेटेंसी हासिल कर सकता है, जो 5जी की 1 मिलीसेकण्ड है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महत्त्वपूर्ण पोर्टल एवं एप

## सुजलाम भारत ऐप

### चर्चा में क्यों?

- 10 दिसम्बर, 2025 को केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री ने सुजलाम भारत ऐप लॉन्च किया।

### मुख्य बिन्दु:

- यह ऐप भास्करचार्य राष्ट्रीय अंतरिक्ष अनुप्रयोग एवं भू-सूचना विज्ञान संस्थान के सहयोग से विकसित किया गया है।
- उद्देश्य: नागरिकों और संस्थानों दोनों को व्यापक, वास्तविक समय की जानकारी उपलब्ध कराकर ग्रामीण जल आपूर्ति अवसंरचना की उन्नत भू-संदर्भन, निगरानी और प्रबंधन में परिवर्तन कर सक्षम बनाना।
- इसके अंतर्गत प्रत्येक योजना और उसके सेवा क्षेत्र की एक विशिष्ट सुजलम भारत - सुजल गांव ID आवंटित की जाएगी, जिससे यह स्पष्ट रूप से पहचाना जा सकेगा कि कौन सी योजना किन घरों को जल आपूर्ति कर रही है।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# व्यक्तित्व

## सी. राजगोपालाचारी

### चर्चा में क्यों?

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सी. राजगोपालाचारी (राजाजी) की जयंती (10 दिसम्बर) पर श्रद्धांजली अर्पित की।



### मुख्य बिन्दु:

**योगदान एवं महत्त्वपूर्ण तथ्य-**

- इन्होनें गाँधी जी के दांडी मार्च के समानान्तर मद्रास क्षेत्र में वेदारण्यम नमक सत्याग्रह (1930) का नेतृत्व किया।
- भारत छोड़ो आंदोलन के बाद "द वे आउट" नामक पुस्तक प्रकाशित की गई, जिसमें पाकिस्तान को लेकर मुस्लिम लीग के साथ संवैधानिक गतिरोध को हल करने के लिए सीआर फार्मूला का प्रस्ताव रखा गया था।
- स्वतंत्रता के बाद वे भारत के पहले भारतीय गवर्नर जनरल (1947-50) बने।
- सरदार पटेल की मृत्यु के बाद केन्द्रीय गृहमंत्री के रूप में कार्य किया।
- उन्हें राजनीति, साहित्य और सार्वजनिक सेवा में उनके योगदान के लिए वर्ष 1954 में भारत रत्न से सम्मानित किया गया था।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# खेल

## जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप, 2025

### चर्चा में क्यों?

- **10 दिसम्बर, 2025 को चैन्नई के मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम में भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने अर्जेंटीना को हराकर जूनियर वर्ल्ड कप, 2025 में पहला कांस्य पदक हासिल किया।**



### मुख्य बिन्दु:

- **भारत पुरुष हॉकी टीम, सेमीफाइनल में जर्मनी से हार गई।**
- **होबार्ट में वर्ष 2001 के बाद भारत ने दूसरा और आखिरी खिताब वर्ष 2016 में लखनऊ में जीता था।**
- **भारतीय टीम के मुख्य कोच: पी. आर. श्रीजेश**
- **प्रमुख खिलाड़ी: अंकित पाल, मनमीत सिंह, शारदानंद तिवारी, अनमोल एक्का।**
- **जूनियर महिला हॉकी टीम: टीम ने उरुग्वे को शूटआउट में हराकर वर्ल्ड कप में नौवें स्थान की दौड़ में बरकरार है।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# ✂️ न्यूज़ इन शॉर्ट्स ⚡

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **दिल्ली मेट्रो अभियान**<br>■ **आयोजन :** 10 दिसंबर, 2025 से 10 जनवरी, 2026<br>■ **आयोजक:** केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय<br>■ **सहयोग:** विश्व स्वास्थ्य संगठन<br>■ **उद्देश्य:** महिलाओं और लड़कियों तक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा सहायता की पहुँच में सुधार करना। |
| 2. | **अमेज़न का भारत में निवेश**<br>■ नई दिल्ली में आयोजित अमेज़न संभव शिखर सम्मेलन में अमेज़न ने वर्ष 2030 तक भारत में 35 अरब डॉलर के निवेश की घोषणा की।<br>■ इससे लगभग 10 लाख रोजगार पद सृजित होंगे।<br>■ यह निवेश AI क्षमताओं का विस्तार, लॉजिस्टिक्स बुनियादी ढाँचे को मजबूत करने और रोजगार सृजन पर केन्द्रित होगा।<br>■ **नोट:** इससे पूर्व माइक्रोसॉफ्ट ने भारत में बुनियादी ढाँचे, कौशल और संप्रभु क्षमता निर्माण के लिए 17 अरब डॉलर से अधिक के निवेश की घोषणा की थी। |
| 3. | **एरीना**<br>■ नवी मुंबई में देश का पहला मल्टी-पर्पस इंडोर लाइव एंटरटेनमेंट एरीना बनाया जाएगा।<br>■ यह मेडिसन स्क्वायर गार्डन से प्रेरित है, जिसकी क्षमता 45 हजार लोग है। |
| 4. | **ग्लोबल एनवायर्नमेंट आउटलुक**<br>■ **संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम ने ग्लोबल एनवायर्नमेंट आउटलुक के 7वें संस्करण:-** ए फ्यूचर वी चूज (A Future We Choose) रिपोर्ट जारी की। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR